__/__/__

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh

Date-　　　　　　　　　　Class- VI
Subject- Hindi Language　　　　　Page-1
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

पुस्तक - आमोद भाग-6
'अनेकार्थक शब्द'

सुप्रभात प्यारे बच्चो !
यह पाठ 'अनेकार्थक शब्द' कक्षा छठी की हिन्दी व्याकरण का है। इस पाठ में आज हम 'अनेकार्थक शब्द' पढ़ेंगे। यह पाठ आपको 17 अक्तूबर, 2021 को भेजा जाएगा।
बच्चो ! नीचे लिखे गए वाक्यों को ध्यान से पढ़ें एवं रेखांकित शब्दों के अर्थ समझिए।

राधा ने हिन्दी में बहुत अच्छे <u>अंक</u> प्राप्त किए हैं।
बच्चा अपनी माँ के <u>अंक</u> में सो रहा है।

निशा ने अपने भाई को <u>पत्र</u> लिखा।
पेड़ से पत्र गिर रहे हैं।

बच्चो ! ऊपर लिखे वाक्यों में आए रेखांकित शब्द सुनने में एक समान लगते हैं पर यदि हम इन्हें ध्यान से देखें तो इनके अर्थ बिल्कुल अलग हैं।
प्रथम वाक्यों में 'अंक' शब्द दो अलग-अलग अर्थों को दर्शा रहा है। जैसे :-

अंक - संख्या
अंक - गोद

बच्चो ! अब दूसरे वाक्यों को भी ध्यान से

__/__/____

Date-    Class - VI

Subject - Hindi Language    Page - 2

Subject Teacher - Ms. Roma Rani

देखो तो वहाँ पत्र शब्द भी दो अलग-अलग अर्थ दर्शा रहा है।

पत्र - संदेश

पत्र - पत्ते

इस प्रकार :-

ऐसे शब्द जिनके एक से अधिक अर्थ होते हैं, अनेकार्थी शब्द कहलाते हैं।

बच्चो! आज हम कुछ 'अनेकार्थक शब्द' करेंगे जो कि आपकी पुस्तक नवतरंग भाग-6 के पृष्ठ-103 में दिए गए हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जीवन | जिंदगी, वायु, जल |
| 2. | ढाल | रक्षक, रीति, ढलुआ भूमि |
| 3. | तीर | बाण, नदी का किनारा, तट |
| 4. | द्रोण | द्रोणाचार्य, कौआ, दोना |
| 5. | दिवा | दिन, दीपक, दिवस |
| 6. | धन | जोड़, स्त्री, संपत्ति |
| 7. | धर्म | संप्रदाय, स्वभाव, कर्त्तव्य |
| 8. | धारा | प्रवाह, घाट, झुंड, राजा भोज की राजधानी |

_/_/_

Class - VI

Subject- Hindi Language Page - 3

Subject Teacher- Ms. Roma Rani

| | | |
|---|---|---|
| 9. | नाक | इज्जत, स्वर्ग, नासिका |
| 10. | निशाचर | राक्षस, चोर, उल्लू |
| 11. | पर | पंख, ऊपर, पराया |
| 12. | पानी | इज्जत, जल, चमक |
| 13. | पत्र | पत्ता, चिट्ठी, पन्ना |
| 14. | फल | परिणाम, लाभ, संतान |
| 15. | बहार | बसंत, एक राग, आनंद |
| 16. | बल | शक्ति, सेना, सिकुड़न |
| 17. | बिंब | छाया, चंद्रमंडल, घेरा |
| 18. | आभा | चमक, शोभा, कांति |
| 19. | भूत | प्रेत, बीता हुआ समय, मृत शरीर |
| 20. | मन्यु | क्रोध, दीनता, यज्ञ, चिंता |
| 21. | मान | सम्मान, इज्जत, अभिमान, नाप-तौल |
| 22. | मित्र | दोस्त, सूर्य, प्रिय, साँप |

__/__/__

Date-　　　　　　　　　　Class - VI

Subject- Hindi Language　　　　　Page-4

Subject Teacher - Ms. Roma Rani

| | | |
|---|---|---|
| 23. | मूल | जड़, पहला, वृक्ष की जटा |
| 24. | मूक | गूँगा, विवश, चुपचाप |
| 25. | मंडल | जिला, हल्का, बिंब, क्षितिज |

गृह कार्य :-

बच्चो! आप ऊपर कराए गए सभी 25 'अनेकार्थी शब्दों' को अपनी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे एवं याद करेंगे।

धन्यवाद!

Last page.